एक नजर में

कमरा बंद कर कर्मचारी को लोहे की राड से पीटा, केस

वाराणसी : लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र के एक होटल में काम करने वाले कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित दीपांशु कन्नौजिया ने आरोप लगाया कि पांच जुलाई को उनके मालिक विशाल ने उन्हें ड्रीम इन होटल में काम के लिए भेजा। वहां होटल संचालक विजय यादव, उनके पुत्र जय यादव और विकास ने उन्हें पीटा। (जासं)

हादसे में मौत पर केस

वाराणसी : लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र में मई माह में हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस आयुक्त के निर्देश पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज कर लिया। सारनाथ थाना क्षेत्र के हीरामनपुर निवासी अरविन्द पटेल ने पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका पुत्र विनीद पटेल 24 मई को जितेन्द्र संग बुलेट से बहन की शादी का सामान लेने जा रहा था। (जासं)

किन्नर को शादी का झांसा

वाराणसी : लालपुर पांडेयपुर क्षेत्र के एक किन्नर ने युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित का कहना है कि हुकुलगंज निवासी अंकित कुमार यादव ने विवाह का झांसा देकर चार वर्षों तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और लाखों रुपये, जेवर हड़प लिए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। किन्नर का आरोप है कि युवक ने चार वर्ष पहले उसे नशीला पदार्थ देकर बेहोश किया। (जासं)

नकदी और गहने चुराए

वाराणसी : तारा नगर कॉलोनी शिवपुरा लंका में लल्ली तिवारी का मकान है। पिछले एक हफ्ते से उनका परिवार बनारस से बाहर था। लल्ली ही घर की देख-रेख कर रही थी। रविवार की शाम तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन सोमवार की सुबह जब लल्ली घर पहुंची, तो उन्होंने देखा कि चोरों ने ताला तोड़कर घर में रखी किमती जेवरात और 30 हजार नकदी चुरा ली। (जासं)

चौकाघाट विद्युत सब स्टेशन जल्दी बनाएं : योगी

मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में की विकास कार्यों की समीक्षा, पूजन कर लिया श्रीकाशी विश्वनाथ का आशीर्वाद

जागरण संवाददाता, वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों की समीक्षा के बाद चौकाघाट स्थित 220 केवी के विद्युत सब स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान एजेंसी द्वारा काम में देरी पर कहा कि इसे समय से पूरा कराएं ताकि जनता को लाभ मिल सके। इसके पूर्व योगी ने पहले काशी के कोतवाल कालभैरव फिर देवाधिदेव श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत पूजन कर आशीर्वाद लिया। कालभैरव से निकलते हुए बच्चों को दुलारा।

डा. दयालु के बेटे-बहू का दिया आशीर्वाद : मुख्यमंत्री योगी समीक्षा, निरीक्षण व दर्शन-पूजन के बाद सीधे गौकुलधाम रोहनिया पहुंचे। वहां आयोजित आयुष राज्य मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु के बेटे अनिमेष और बहू साक्षी के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। नवयुगल को आशीर्वाद दिया। इसके बाद वह सर्किट हाउस वापस आ गए। इस वैवाहिक कार्यक्रम में कई केंद्रीय व प्रदेश स्तर के मंत्री, जनप्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। विवाह समारोह में भाग लेने वालों में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, परिवार कल्याण व रसायन व उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पांडेय, मत्स्य मंत्री डा. संजय कुमार निषाद, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश कुमार सचान, उद्यान, राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, राज्य मंत्री कैगी मलिक, महिला कल्याण, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, खाद्य एवं रसद तथा राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, मंत्री अनिल कुमार, राज्य मंत्री बृजेश सिंह, वित्तीय एवं प्रशासनिक विलेष समिति के सभापति सर्वेश चंद्र गुप्ता, पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कलराज मिश्र आदि शामिल रहे।

सर्किट हाउस में अधिकारियों संग बैठक करते सीएम योगी आदित्यनाथ • सूचना विभाग

इनकी रही उपस्थिति : बैठक में श्रम मंत्री अनिल राजभर, खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, स्टाप राज्य मंत्री रवींद्र जायसवाल, एमएसएमई राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, महापौर अशोक तिवारी, एमएलसी धर्मेंद्र राय, विधायक डा. अवधेश सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, त्रिभुवन राम, डा. सुनील पटेल, एसीपी शिवहरि मीणा, डीआइजी वैभव कृष्णा, पूर्वांचल विद्युत वितरण के एमडी शंभू कुमार, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, सीडीओ प्रखर कुमार आदि उपस्थित रहे।

नोएडा की अपेक्षा काफी अधिक मिल रही भूमि की कीमत

बीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही टाउनशिप आनंद कानन, रुद्र कानन, काशी स्पोर्ट्स सिटी की प्रगति से संबंधित जानकारी मुख्यमंत्री को दी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नोएडा से काफी अधिक भूमि की कीमत दी जा रही है। इसके बावजूद कुछ लोग विरोध कर रहे हैं तो उन्हें समझाएं। मुख्यमंत्री ने समस्त आवश्यक कार्यवाहियों को समय से कराने का निर्देश दिया।

अगस्त तक रोपवे परियोजना का कार्य होगा पूर्ण : मंडलायुक्त

रोपवे की प्रगति की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने उसके काम को तय समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने मुख्यमंत्री को बताया कि अगस्त तक रोपवे का काम पूरा कर लिया जाएगा। जलजीवन मिशन की समीक्षा करते हुए योगी ने कहा कि कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं। इस योजना में फंड की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया कि 2014 से अब तक कुल 536 प्रोजेक्ट हुए हैं जिनकी कुल लागत 36,210 करोड़ रुपये है। 191 कार्य गतिमान हैं जो कि 25,007 करोड़ के हैं।

बाबा काल भैरव का पूजन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सूचना विभाग

श्रीकाशीविश्वनाथ का पूजन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सूचना विभाग

सीएम आज काशी से शिक्षकों के कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू करेंगे

जागरण संवाददाता, वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को वाराणसी से प्रदेश के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत करेंगे। बड़ालालपुर स्थित ट्रेड फेसिलिटेशन सेंटर में सुबह 10 बजे आयोजित कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' का शुभारंभ करेंगे। आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर शुरू की जा रही इस योजना से प्रदेश के करीब 12 लाख शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी और उनके परिवार लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से 15 लाभार्थियों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित करेंगे। इनमें शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोइया शामिल होंगे। योजना का लाभ बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के राजकीय, सहायता प्राप्त एवं अनुदानित विद्यालयों के शिक्षकों, विशेष शिक्षकों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की वार्डेन, पूर्णकालिक और अंशकालिक शिक्षकों, व्यावसायिक शिक्षा के विषय विशेषज्ञों तथा अन्य पात्र शिक्षण एवं शिक्षणेतर कर्मियों को मिलेगा। इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रदेश के करीब 1.10 करोड़ परिवर्दय विद्यालयों के विद्यार्थियों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 1,200 रुपये की धनराशि भी भेजेंगे। शिक्षकों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग और भारतीय स्टेट बैंक के बीच लगभग 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) भी होगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री 'स्वच्छ हरित विद्यालय पुरस्कार' के तहत चयनित प्रदेश के 12 प्रधानाचार्यों को सम्मानित कर प्रमाण-पत्र प्रदान करेंगे।

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

जागरण संवाददाता, वाराणसी: भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विद्याभूषण गोंड का मंगलवार को काशी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। भाजपा के रोहनिया स्थित कार्यालय में काशी क्षेत्र के अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने स्वागत करते हुए मोर्चा के जिले भर से आए पदाधिकारी का परिचय प्राप्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राम सकल पटेल, मोर्चा के काशी क्षेत्र अध्यक्ष विनोद खरवार, मनोष गोंड, अरुण गोंड, विजय गोंड, रवि खरवार, मनोज गोंड, मन्ना गोंड, विनोद खरवार, मनोज गोंड, कुलदीप गोंड, साधना गोंड, मुन्ना खरवार, रामनाथ खरवार आदि शामिल रहे।

कांग्रेसियों ने मानस मंदिर से निकाली सद्बुद्धि पदयात्रा

जागरण संवाददाता, वाराणसी : अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर मंगलवार को जिला एवं महानगर कांग्रेस ने मंगलवार को तुलसी मानस मंदिर से बनकटी हनुमान मंदिर तक सद्बुद्धि पदयात्रा की। मंदिर में कांग्रेसियों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और प्रभु श्रीराम व हनुमान जी से सत्ता पक्ष को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल और महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी ने करोड़ों सनातनी श्रद्धालुओं की आस्था को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर से करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी है। इस तरह की चोरी से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। इस प्रकरण की निष्पक्ष, स्वतंत्र और समयबद्ध जांच कराकर रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस कृत्य में जो भी शामिल हो उनपर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान संजीव सिंह, फसाहत हुसैन बाबू, राजेश गुप्त, सतनाम सिंह, अरुण सोनी, गिरीश पाण्डेय, अशोक सिंह रहे।

नाविकों की समस्याएं सुन मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दिया लाइसेंस समाधान का भरोसा

जागरण संवाददाता, वाराणसी : मां निषाद राज सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को डा. राजेंद्र प्रसाद घाट पर नाविक समाज की संवाद बैठक आयोजित हुई। इसमें पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि रहे। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार निषाद 'गुरु' के नेतृत्व में नाविक समाज ने मंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

नाविक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप • स्वेत तिवारी

बैठक में दशाश्वमेध, अस्सि, राजघाट, शिवाला, गायघाट और रामनगर समेत विभिन्न घाटों के नाविकों ने अपनी समस्याएं रखीं। विनोद निषाद ने बताया कि वर्ष 2024 से नगर निगम द्वारा नौका व मोटरबोट के लाइसेंस नवीनीकरण पर रोक लगाए जाने से नाविकों की आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने बाहरी बाहर टैक्सी को ठेका दिए जाने और परिवहन विभाग से लाइसेंस बनवाने के दबाव का भी विरोध जताया। इस पर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे को सरकार के स्तर पर उठाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 30 जून को मुख्यमंत्री और चार जुलाई को नगर विकास मंत्री को पत्र भेजकर नगर निगम के माध्यम से लाइसेंस नवीनीकरण कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया।

गुणवत्ता से समझौता नहीं, समय पर काम पूरा करने के निर्देश

जागरण संवाददाता, वाराणसी : महापौर अशोक कुमार तिवारी ने मंगलवार को सिगरा स्थित फल मंडी रोड पर मुख्यमंत्री ग्रीन रोड्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था और अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही बरसात के दौरान जलभराव रोकने के लिए शहर के सभी गलीपोट तत्काल दुरुस्त कराने और जलनिकासी व्यवस्था मजबूत करने को कहा।

11.61 करोड़ से बदलेगी इस मार्ग की तस्वीर : मुख्यमंत्री ग्रीन रोड्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम के तहत शिलक मूर्ति से भारत सेवाश्रम तक लगभग 610 मीटर लंबे मार्ग का सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। करीब 11.61 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में आधुनिक ड्रेनेज, दोनों ओर फुटपाथ, स्ट्रीट लाइट और बेहतर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम का दावा है कि परियोजना पूरी होने के बाद इस मार्ग पर यातायात सुगम होगा और बरसात के दौरान जलनिकासी की समस्या में भी सुधार आएगा।

यह और अन्य खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

प्रवेश आवेदन सत्र 2026–27
आनलाइन आवेदन–पंजीकरण हेतु सूचना

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में सत्र 2026–27 हेतु स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर (प्रवेश परीक्षा से आच्छादित पाठ्यक्रमों/विषयों–बी.सी.ए., बी.बी.ए., बी.ए. एलएलबी, एम.एस.सी. जन्तु विज्ञान, एम.ए. भूगोल, एम.बी.ए.– ए.बी.एम. एवं एल.एल.एम. को छोड़कर), स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों (पत्रकारिता एवं जनसंचार, खाद्य पोषण एवं आहारिकी, मार्गदर्शन एवं परामर्श, व्यवसाय प्रबंधन, अतिथि एवं पर्यटन प्रबंधन), इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों (B.E. (CS, AI & ML, Data Science)) तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (बीच 18 विषयों) में व महाविद्यालयों के सभी पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश के लिए समय पर पोर्टल https://msdsuadm.samarth.edu.in/index.php के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। फार्म/आवश्यकी शिर्षों के पूरितगत पूरा पंजीकरण की तिथि 20 जुलाई, 2026 तक विस्तारित की गयी है। अधिक जानकारी के लिए प्रवेश विज्ञप्तियाँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msdsu.ac.in/ पर उपलब्ध है। आवेदन–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क ऐनेक्स मोडयूल के माध्यम से जमा कर निर्धारित तिथियों में आवेदन किये जा सकते हैं।

कुलसचिव

पर्यटन मंत्रालय
MINISTRY OF TOURISM
NCHMCT

होटल प्रबंधन, खान–पान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान, लखनऊ
(भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
सेक्टर जी, अलीगंज, लखनऊ, ऊ.प्र.–226024, Sector-G, Aliganj, Lucknow, UP- 226024
Website: www.ihmlucknow.com Contact no. 0522-4077414/4077415 Email: ihmlucknow@gmail.com

डाउनोल के लिए आवेदन आमंत्रित/Application for admission invited for:-
1. Diploma Courses 2. B.Sc. in Hotel & Hospitality Administration
1. Diploma (Residual Seats) in :-
*100% फीस तक की Scholarship छात्रवृत्ति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदान की जा सकती है।
• फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन • बेकरी एण्ड कनफेक्शनरी • फूड एण्ड बेवरेज सर्विस • फूड प्रोडक्शन
Last Date to Apply 25.07.2026
इच्छुक उम्मीदवार संस्थान में स्वयं सत्यापित प्रमाण–पत्र सलग्न कर आवेदन करें या वेबसाइट से आवेदन डाउनलोड करके द्वारा भी भेज सकते हैं प्रवेश फॉर्म और अन्य विवरण www.ihmlucknow.com वेबसाइट पर उपलब्ध है।
Scan for Diploma Brochure
संपर्क व्यक्ति श्री सुरेन्द्र प्रसाद भट्ट 8808285076
2. B.Sc. in Hotel & Hospitality Administration
अनरिक्त (एससी/एसटी/अन्य पिछड़ा वर्ग) एवं अनारक्षित श्रेणियों के छात्रों लिए विशेष अभियान
*100% फीस तक की Scholarship छात्रवृत्ति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदान की जा सकती है।
NCHMCT/ आई.एच.एम. लखनऊ 3 वर्षीय बी.एस.सी.–एच.एच.ए. (आतिथ्य और होटल प्रशासन) कार्यक्रम (जयहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त सीमित सीटें) के प्रवेश वर्ष के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं :–
• मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 प्रणाली में English विषय को साथ 12वीं उत्तीर्ण। • कोई आयु सीमा नहीं है। • सरकारी नियमों के अनुसार आरक्षण। • शारीरिक विकलांग भी प्रावेश है।
Last Date to Apply 13.07.2026 Online Exam on 15.07.2026
Registration Link NCHM OET 2026
अधिक जानकारी के लिए WhatsApp Group में जुड़ें
संपर्क व्यक्ति श्री राकेश मोहन 9621117000
*नियम व शर्तें पत्र काउंसर की अनुसार
प्रधानाचार्य

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ (हरियाणा) - 123031
NAAC A+

सीयूईटी 2026 के अंतर्गत स्नातक (यूजी) कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण आरंभ
शैक्षणिक सत्र 2026-27

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ निम्नलिखित कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय भरीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित सीयूईटी (यूजी) -2026 परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म आमंत्रित करता है:

स्नातक (यूजी) कार्यक्रम
बी.सी.ए.: • दिल्ली एन्टीलिटिक्स मैनेजमेंट • बाजमेंटिक्स तालतंत्र • इंडस्ट्रीयल वेल्थ मैनेजमेंट
इंटीग्रेटेड कार्यक्रम: • बी.एससी. इन फिजिक्स • बी.एससी. इन लाइफ साइंसेज • बी.एससी. इन मैथेमेटिक्स
• बी.एससी. (ऑनर्स) इन लाइफ साइंसेज

महत्वपूर्ण तिथि

ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	17 जुलाई, 2026
पंजीकरण लिंक	https://cuhcuet.samarth.edu.in/

विस्तृत विवरण के लिए www.cuh.ac.in देखें।
कुलसचिव

कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0
हाथा सलौच्छ, पो.ओ. गुजरात, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड।

पत्र संख्या– 271 / पी0पी0पी0 / 05 / 2024 / टीसी / 26245 दिनांक 07.07.2026

'ई'–निविदा सूचना उत्तराखण्ड सरकार

1. कार्य का नाम – OPERATION & MAINTENANCE CONTRACT OF EMERGENCY RESPONSE SERVICES IN UTTARAKHAND 108 Ambulance Service के संचालन हेतु ई–निविदा प्रक्रिया आमंत्रित की जाती है।
2. निविदा प्रपत्र पोर्टल में उपलब्ध होने की तिथि : 09 / 07 / 2026 अपरान्ह 2:00 बजे।
3. प्री–बिड बैठक : 23 / 07 / 2026, अपरान्ह 3:00 बजे।
4. निविदा जमा किये जाने की अंतिम तिथि एवं समय : 30 / 07 / 2026, अपरान्ह 2:00 बजे।
5. निविदा के तकनीकी भाग पत्र खोले जाने की तिथि : 30 / 07 / 2026, अपरान्ह 3:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का नाम व पता – महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के संशोधन / स्पस्टीकरण आदि की सूचना वेबसाईट **https://uktenders.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है।
8. बोर्ड ऑफ सिस्टम – समस्त इच्छुक निविदाकारों को निविदा में प्रतिभाग करना चाहते हैं तो पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करने हेतु अपने फेस व्यक्तिगत / कार्यालय के ई–मेल को अथवा Login id बनाकर अपने पास Digital Signature Certificate (डीएससी) का उपयोग कर उसी Unique Login id बना सकते है।
9. प्री–बिड बैठक महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड देहरादून, हाथा सलौच्छ, पोस्ओ गुजरात, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून में आयोजित की जायेगी। किसी अन्य जानकारी के लिए निविदाकारों को आग्रह है कि वे mhvuttarakhand@yahoo.com एवं कार्यालय के कक्ष संख्या–52, महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड, देहरादून पर जानकारी हेतु सम्पर्क कर सकते है।

निदेशक (पी.पी.पी.)
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
सीबीय बजबजपस आरिव वछूले शाखा : प्रथम तल, श्री बेरीवाला स्मृति भवन, पी.डी.आर भौत के चाम, लक्सा रोड, वाराणसी 221010 (उ0प्र0) ई–मेल : sarvar@bankofbaroda.com
वेबसाइट : www.bankofbaroda.bank.in, मोबाइल नं0 9554959534

विक्रय सूचना
अचल सम्पत्तियों के बिक्री हेतु
अनुसूची – IV-A
[नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान देखें]

वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के तहत ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी/जमानतकर्ता एवं कानूनी वारिसों को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभारयुक्त सांकेतिक सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में ले लिया गया है, को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है", "जो है जैसे है" एवं "जो कुछ भी है"** के आधार पर ई–नीलामी/बिक्री की जायेगी। ऋणी/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस/प्रतिभूति आस्ति/देय/आरक्षित मूल्य/ई–नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड वृद्धिराशि राशि का विवरण निम्नलिखित है :–

नीलामी की तिथि 13.08.2026, समय दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक

धरोहर राशि (ई.एम.डी.) का भुगतान ऑनलाईन एनईएफटी/टांसफर (चालान निष्पादन के बाद) (https://baanknet.com) के द्वारा दिनांक 12.08.2026 या उससे पहले किया जायेगा।

क्र. सं.	ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिसों का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण	कुल बकाया धनराशि	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड वृद्धिराशि राशि	बंधक से बिक्री/सांकेतिक कब्जा	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
1.	**ऋणकर्ता : श्री उदय प्रताप सिंह पुत्र श्री शिवजन सिंह** **पता** : 1316, वार्ड संख्या 1, नई बस्ती, अलीगंज, मुगलसराय, जिला चन्दौली उ.प्र. 232101 **जमानतकर्ता** : श्री अजय तिवारी पुत्र श्री विवेकानन्द तिवारी **पता** : मकान संख्या 5, ग्राम गुवार, अलीनगर, परसना धूरा, मुगलसराय, जिला चन्दौली उ.प्र. 232101	अचल संपत्ति के सभी भूमि व भवन अराजी संख्या 132 का, **क्षेत्रफल 3915 वर्ग फिट**, मौजा अलीनगर, परगना धूरा, तहसील मुगलसराय (अब पी.डी.डी.यू. नगर) जिला चन्दौली में स्थित है जो कि **श्री उदय प्रताप सिंह पुत्र श्री शिवजन सिंह के** नाम है। **चौहद्दी (विलेख के अनुसार): पूरब** – मोती एवं अन्य की भूमि, **पश्चिम** – राजमती देवी की भूमि, **उत्तर** – सोहन एवं मोहन की भूमि, **दक्षिण** – 12 फिट कच्चा रास्ता उसके बाद राजनारायण का मकान।	रु. 35,36,285.09/- + ब्याज दिनांक 31.01.2026 से + अन्य खर्च (भाँग सूचना जारी होने के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	रु. 81,96,000/- (आरक्षित मूल्य) रु. 8,19,600/- (अग्रिम धनराशि) रु. 25,000/- (बिड वृद्धिराशि राशि)	सांकेतिक	दिनांक 12.08.2026 समय दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
2.	**ऋणकर्ता : श्रीमती रेखा कुमारी पत्नी श्री मुकेश** **जमानतकर्ता** : श्री मुकेश कुमार यादव पुत्र श्री लालजी यादव **दोनों का पता निवासी** : ग्राम कुण्डपुर, चकिया, जिला चन्दौली, उ.प्र. 232103	सम्पत्ति बंधक भूमि व भवन अराजी संख्या 40, मौजा कमसार, परगना कैसमंगरौर, तहसील चकिया, जिला चन्दौली स्थित का **क्षेत्रफल 270.50 वर्ग मीटर** में स्थित है जो कि **श्रीमती रेखा कुमारी पत्नी श्री मुकेश** के नाम है। **चौहद्दी : पूरब** – बच्चा मिश्रा की भूमि, **पश्चिम** – सड़क चकिया, मुगलसराय मार्ग, **उत्तर** – चिकित्सा के भूमि का भाग, **दक्षिण** – गीता देवी की भूमि।	रु. 24,51,649.76/- + ब्याज दिनांक 09.10.2025 से + अन्य खर्च (भाँग सूचना जारी होने के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	रु. 30,28,000/- (आरक्षित मूल्य) रु. 3,02,800/- (अग्रिम धनराशि) रु. 10,000/- (बिड वृद्धिराशि राशि)	सांकेतिक	दिनांक 12.08.2026 समय दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
3.	**ऋणकर्ता : मेसर्स रचना राइस मिल** **पंजीकृत पता:** ग्राम तेतुपुर, परगना भदवल, तहसील सकलडीहा, जिला चन्दौली 232108 **प्रोपराइटर** : श्री रविन्द्रनाथ चौबे पुत्र श्री उमराज चौबे **पता निवासी** : ग्राम तेतुपुर, परगना भदवल, तहसील सकलडीहा, जिला चन्दौली 232108	सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड आवासीय प्लॉट अराजी संख्या 479 क्षेत्रफल 1.42 एकड़ का 0.287 हेक्टेयर, कुल भूमि का आधा भाग, जिस पर श्री रविन्द्रनाथ चौबे का स्वामित्व है (2/3 भाग उनके द्वारा खरीदा गया बिक्री विलेख दिनांक 04.07.2012 एवं 1/3 भाग कानूनी स्वामित्व विरासत में मिला है) यह संपत्ति गौजा तेतुपुर, परगना भदवल, तहसील सकलडीहा, जिला चन्दौली में स्थित है जो कि **श्री रविन्द्रनाथ चौबे पुत्र श्री उमराज चौबे** के नाम है। **चौहद्दी (बिक्री विलेख दिनांक 04.07.2012 के अनुसार) : पूरब** – हरिद्वार की भूमि, **पश्चिम** – विकता की भूमि, **उत्तर** – टयूबवेल नाली उसके बाद अखिलेश की भूमि एवं रोड, **दक्षिण** – कूल किसान एवं अन्य की भूमि।	रु. 22,99,429.16/- + ब्याज दिनांक 19.01.2025 से + अन्य खर्च (भाँग सूचना जारी होने के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	रु. 92,83,000/- (आरक्षित मूल्य) रु. 9,28,300/- (अग्रिम धनराशि) रु. 25,000/- (बिड वृद्धिराशि राशि)	सांकेतिक	दिनांक 12.08.2026 समय दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक पर अवलोकन करें – www.bankofbaroda.bank.in/e-auction.htm & https://baanknet.com तथा इच्छुक बोलीकर्ता **प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं. 9554959534, ईमेल : sarvar@bankofbaroda.com** से सम्पर्क कर सकते है।

दिनांकित : 04.07.2026 स्थान : वाराणसी हस्ता प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बड़ागांव वाराणसी।
संख्या– 631/बीएडो–पंचायत/बीएडीओ/टीएफए/2026–27 दिनांक: 06.07.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 विकास खण्ड बड़ागांव में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों हेतु शासनी की अनुसूचि हेतु दरें निर्धारित करने के लिये अनुसूचियाँ/दरें निविदा आमंत्रित की जाने हैं। ऐसे अनुसूचियाँ/निविदा प्रपत्रादाता में पंजीयन की, प्रपत्रादाता का मुकदमाएं न हो, संविदाएं कार्य करने की अर्हिक क्षमता हो, अपरान्तित पृष्ठभूमि न हो तथा पूर्व में अनुसूचियों के काली सूची में न डाला गया हो, ऐसे अनुसूचियाँ निम्न समय सारणी के अनुसार निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा की दरें पी0डब्लू0डी0 के नियम/दरों के अनुसार ही स्वीकृत